-VKK/BHS-SCH/2O/3.00

SHRI JAIRAM RAMESH (CONTD.): This is a Supreme Court order. *Aadhaar* will not be made mandatory, *Aadhaar* will be voluntary and it will be used only for distribution of foodgrains and it would be used for distribution of Kerosene and LPG. Sir, that was 11th August, 2015.

On the 15th October, 2015, the Supreme Court gave a second order which said that in addition to PDS schemes like Mahatma Gandhi National Rural Employment Guarantee Scheme, National Social Assistance Programmes, old age pensions, widow pensions, disability pensions, Prime Minister's *Jan Dhan Yojana* and Employees Provident Fund Organisation can also use *Aadhaar.* The second Supreme Court order expands the programmes but still *Aadhaar* is not mandatory, *Aadhaar* is voluntary.

There is a third Supreme Court order. Sir, how many Supreme Court orders is this Government going to violate? This is a third Supreme Court order which comes out on the 14th September, 2016, which directs the Government to remove *Aadhaar* number as a mandatory condition. On the 14th September, 2016, it asks the Government to remove *Aadhaar* as a mandatory condition for number of schemes like the scholarship scheme.

The short point is, *Aadhaar* was meant for the delivery of social welfare programmes. *Aadhaar* was meant to eliminate fake and duplicate identity

but what has happened in the last couple of months is that *Aadhaar* has kept on expanding and -- unfortunately, the Minister for Human Resource Development is not here -- it is a gross travesty. It is criminal, in fact, to say when this Government had said -- I am glad he has come back – that *Aadhaar* will be used for Mid Day Meal programmes also. …(Interruptions)… I mean it is absolutely amazing. It is only after there was a furore…(Interruptions)…

THE MINISTER OF HUMAN RESOURCE DEVELOPMENT (SHRI PRAKASH JAVADEKAR): Sir, …(Interruptions)…

SHRI JAIRAM RAMESH: One second. …(Interruptions)… No, Sir. …(Interruptions)… I am not yielding. …(Interruptions)… I am not yielding. …(Interruptions)…

SHRI PRAKASH JAVADEKAR: We said …(Interruptions)…

SHRI JAIRAM RAMESH: I am not yielding. …(Interruptions)… I am not yielding. …(Interruptions)…

SHRI PRAKASH JAVADEKAR: Sir, he has pointed. …(Interruptions)… Just one sentence. …(Interruptions)…

SHRI JAIRAM RAMESH: I am not yielding. …(Interruptions)… I am not yielding. …(Interruptions)… I am sorry, Sir. …(Interruptions)… I am not

yielding. …(Interruptions)… He can say whatever he has to say after I finish. …(Interruptions)… Sir, it was grossly criminal…(Interruptions)…

SHRI PRAKASH JAVADEKAR: Just one sentence. …(Interruptions)… We are not denying anybody…(Interruptions)…

SHRI JAIRAM RAMESH: It was criminal…(Interruptions)…

MR. DEPUTY CHAIRMAN: He is clarifying your point. …(Interruptions)…

SHRI JAIRAM RAMESH: No, Sir. …(Interruptions)… I am not yielding, Sir. …(Interruptions)… It is my right. …(Interruptions)… I am not yielding. …(Interruptions)…

SHRI B.K. HARIPRASAD: It is a running commentary, Sir. …(Interruptions)… You should stop it. …(Interruptions)…

SHRI JAIRAM RAMESH: I am not yielding. …(Interruptions)…

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Yes, yes. …(Interruptions)… Proceed. …(Interruptions)…

SHRI JAIRAM RAMESH: Sir, it was criminal on the part of the Government to say that 140 million school children, who are fed daily, are going to be fed only if they produce an *Aadhaar* number. It is absolutely amazing. It is a complete mockery of the entire *Aadhaar* Scheme. It is only when there was a furore from political parties that the HRD Minister said it is voluntary that you can have alternative means of identification. That is what he wanted to

say when he got up and I have said it on his behalf. But, Sir, the mindset is somewhere else. …(Interruptions)… The mindset is somewhere else. You want to make *Aadhaar* mandatory for everything, Mid Day Meal, PDS, Railway booking, Air booking, opening a bank account. I mean, Sir, let us not forget what is *Aadhaar*. …(Interruptions)… It is a unique identification number. It is meant to eliminate fake identities. It is meant to eliminate duplicates. In the PDS, quantity fraud is more serious than identity fraud. …(Interruptions)… Please Mr. Raja, let me finish. In case of PDS, quantity fraud is more serious than identity fraud. *Aadhaar* number does not deal with quantity fraud. It deals only with identity fraud. This House passed the *Aadhaar* Bill with amendments. It went to the other House. Naturally, because it was a Money Bill, that was rejected and I still believe that the *Aadhaar* Act, that was finally notified, requires some modification to make it absolutely clear that *Aadhaar* is not mandatory, it is voluntary and that *Aadhaar* is going to be used in a calibrated manner for ensuring that fake identity and duplicate identity does not lead to wastage in subsidy programmes, in pension programmes, in scholarship programmes and in the distribution of foodgrains.

(Contd. by RL/2P)

SHRI JAIRAM RAMESH (CONTD.): I think we should return to the original conception of *Aadhaar* and not look at *Aadhaar* as a complete answer to all of India's problems.

Sir, my final point is this. This Budget is based on certain assumptions. Now, one of the assumptions on which this Budget has been based is that we will transfer 42 per cent of all the tax revenues to the States and the States will start investing more in education, in health, in nutrition and so on. Sir, I welcome this. It is no great favour that this Government has done because this was a recommendation of the Fourteenth Finance Commission that 42 per cent should be given to the States. There was a minority opinion that it should be 38 per cent but this Government adopted the 42 per cent recommendation and it will be generally welcome that States should get more money. But what has this Government done simultaneously? They give 42 per cent in one pocket but through the other pocket they have changed all the sharing norms. What was 75:25 has become 60:40. So, West Bengal, Shri Sukhendu *Babu*, is getting 42 per cent in one route but for many other programmes like health and education,

instead of bearing 25 per cent you are now bearing 40 per cent. Sir, what has happened as a result of this 42 per cent which I whole-heartedly welcome is that States are spending more money to give more money back to the Centre. This is what is happening. States have not increased their expenditure. Dr. C.P. Thakur is a Member of the Parliamentary Standing Committee on Health & Family Welfare and he is a very distinguished health professional himself. He knows the discussions that have happened. States like Jharkhand and even States like Maharashtra, which is one of the advanced States, had not increased their expenditure or investment in social sectors. What has happened is they have got more money but simultaneously the Government has either changed the 75:25 to 60:40 or has abolished some schemes altogether like the Backward Regions Grant Fund. Seventeen out of twenty-four districts in Jharkhand; eighteen out of thirty districts in Odisha; three districts in Bengal, eighteen districts in Chhattisgarh were getting money for infrastructure. That whole programme has been abolished. States are bound to pick up the slack. So, please re-visit this and my request to the Finance Minister is to please make sure that the objective of 42 per cent is actually being met, which is that States spend more on education; States spend more on health; States spend more on nutrition without necessarily getting into repaying the Centre more by

changing of this formula, as I have said for many programmes, from 75:25 to 60:40.

Similarly, Sir, Plan and Non-Plan distinction has been abolished. This debate took place when Dr. Manmohan Singh was the Deputy Chairman of the Planning Commission; this debate took place when Dr. Manmohan Singh was the Finance Minister; this debate took place when Dr. Manmohan Singh was the Prime Minister. So, it has been going on but finally, Plan and Non-Plan distinction has been abolished. It is being welcome generally but there are some serious consequences of this and as Comrade Raja has pointed out and some weeks ago Dr. Narendra Jadhav has himself pointed out, who is a distinguished Nominated Member of the Rajya Sabha, one of the consequences of the abolition of the Plan and the Non-Plan is that the Scheduled Caste Sub-Plan and Tribal Sub-Plan is completely finished.

(Contd. by DC/2Q)

-RL/DC-PSV/2Q/3.10

SHRI JAIRAM RAMESH (CONTD.): When Dr. Manmohan Singh was the Prime Minister, Dr. Narendra Jadhav headed a Committee which said that 16.2 per cent of all plan allocations would be for Scheduled Castes and 8.6 per cent of all allocations should be for Scheduled Tribes. Now, what has happened? There must be an alternative system put in place. The whole

idea of the Scheduled Caste Sub-Plan, the whole idea of the Tribal Sub-Plan, is to earmark funds for specific activities. In this case, it is Scheduled Castes and Scheduled Tribes. Sir, I am afraid to say that however welcome the abolition of the distinction between Plan and Non-Plan is, one unfortunate consequence of this is, the complete debasement of the Scheduled Castes and Scheduled Tribes Sub-Plan. I request the Finance Minister to revisit and find an alternative way of ensuring and earmarking the allocations for Scheduled Castes and Scheduled Tribes.

Sir, there are some other points also as far as the Budget is concerned but, I don't want to get into the details as I have said that the time for criticizing the Budget is over. We are now discussing the Budget in a calm and reasoned manner. My final point to the Finance Minister would be—after all he is the master of spin—time for spin is over and now, it is time for looking at hard realities. The hard reality is, the economy is subdued, investment sentiment is subdued, investor sentiment is subdued, and I think, he should address some of the structural issues of the economy rather than claiming great victory on the Budget as exemplified by the election results. I do not believe that the election results, in any way, negate the conclusion that demonetization may have been a smart political move, but it has been a singularly disastrous economic move. Thank you.

(Ends)

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Now, Shri Ajay Sancheti.

श्री अजय संचेती (महाराष्ट्र): आदरणीय उपसभापति जी, हम लोग बजट सत्र के दूसरे दौर में इस चर्चा को कंटीन्यू कर रहे हैं। सर, यह जो दूसरे दौर की चर्चा है, यह इसलिए ज्यादा महत्वपूर्ण हो जाती है कि बजट पेश किया गया, चर्चा आरम्भ हुई, तकरीबन एक महीने की छुट्टी हुई, देश के कुछ राज्यों में चुनाव हुए, फिर बजट सत्र का दूसरा दौर शुरू हुआ, रिजल्ट्स आए और अब फिर से इस चर्चा को हम लोग आज रिज्यूम कर रहे हैं।

(उपसभाध्यक्ष (श्री सुखेन्दु शेखर राय) पीठासीन हुए)

सर, कई learned speakers इस चर्चा में भाग ले चुके हैं। मैं आंकड़ों के तथ्यों में नहीं जाना चाहूँगा, वह सबके पास अवेलेबल है। यह सरकार जब से आई है, लगातार पुरानी प्रक्रिया में सुधार और समाज के उपेक्षित अंतिम व्यक्ति को कैसे लाभ पहुँचे, सिर्फ इन्हीं विषयों को ध्यान में रखा गया है। यह सच्चाई है, यह कोई पोलिटिकल स्टेटमेंट नहीं है कि इस सरकार को विरासत में क्या मिला था- भ्रष्टाचार, मनमानी, NPAs की लम्बी लाइन, संसाधनों का दुरुपयोग। ऐसी विकट परिस्थिति में देश को आगे ले जाने के लिए, हर सेक्टर की ग्रोथ के लिए, चाहे वह social sector हो, infrastructure, agriculture, education, women empowerment, automobile sector, power sector और especially, financial sector हो, बजट में, लगातार तीनों बजटों में, एक के बाद एक बेहतर provisions किए गए हैं।

सर, अगर सूखा पड़ जाता है या ज्यादा बारिश के कारण फसल खराब हो जाती है, तो पहले किसान बहुत चिन्तित रहा करता था। आज भी वह चिन्ता करता है, लेकिन उसको पता है कि insurance coverage की wideness इतनी बढ़ा दी गई है कि वह इस natural calamity से अब लड़ सकता है। सर, इंफ्रास्ट्रक्चर ग्रोथ की दिशा में सड़कों का जाल देश में चारों तरफ तेज़ी से बढ़ रहा है। कोई सिंगल स्टेट ऐसा नहीं बचा है, जहाँ पर इंफ्रास्ट्रक्चर और हाइवेज़ की ग्रोथ नहीं हो रही है।

(2आर/वीएनके पर जारी)

VNK-KR/2R/3.15

श्री अजय संचेती (क्रमागत) : सर, यहां बैठे हुए सभी माननीय सदस्य फॉर्मली शायद कहें, न कहें, लेकिन इन्फॉर्मली कहते हैं कि अब और कितना नेशनल हाईवे मांगें, जो जाता है, उनको मिल जाता है, बाद में मांगने के लिए कुछ बचता ही नहीं है। सर, इतनी तेजी से इन्फ्रास्ट्रक्चर सेक्टर में काम हो रहा है।

सर, इस बार रेलवे बजट को भी इसी बजट का भाग बना दिया गया है। वह भी सिर्फ इसलिए क्योंकि वर्षों से रेलवे बजट को बढ़ा-बढ़ा कर घाटे के बजट के रूप में पेश किया जाता था, जिसके कारण उसकी ग्रोथ ही नहीं हो पाती थी। सैलेरीज़ और बाकी चीजों में ही इतना पैसा खर्च हो जाता था कि इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट के लिए, रेलवे लाइन बढ़ाने के लिए, नई रेल को शुरू करने के लिए, मॉडर्न रेलवे बनाने के लिए पैसा ही नहीं मिलता था। आज उसको इसीलिए मर्ज कर दिया ताकि बजट एक हो और रेलवे को भी एक इन्फ्रास्ट्रक्चर की दृष्टि से देखा जाए। सर, रेलवे हो, शिपिंग हो, इन

सब की मल्टीफोल्ड ग्रोथ होने के लिए जितना बजट चाहिए, उससे ज्यादा एलोकेशन इस बार किया गया है।

सर, यहां बैठे सभी लोग जानते हैं, यह पोलिटिकल स्टेटमेंट है कि मोदी जी ने, मोदी सरकार ने इस देश के हर गरीब के घर का पता जान लिया है ताकि सरकार की सुविधाएं, पैसा सीधे उनके पास पहुंचे। पहले तो यहां से निकलता था एक रुपया और पहुंचता था कितना पैसा? यह सभी जानते हैं। सिस्टम में इम्प्रूवमेंट पुरानी सरकार ने भी किया है, अभी भी होता जा रहा है, लेकिन किस पेस से हो रहा है, that is more important. The world economy is extremely in bad shape. I do agree with my hon. friend, Shri Jairam Ramesh. वे भी इस बात को हमेशा कहते हैं कि पिछले कुछ वर्षों से दुनिया की इकोनॉमी की हालत ठीक नहीं है। जब उनकी सरकार थी, तब भी ठीक नहीं थी और आज भी ठीक नहीं है। Practically there is no growth, rather the growth is reduced. फिर भी इस डिफिकल्ट समय में देश की इकोनॉमी को ठीक रखने और उद्योग की sustainability के लिए जितने प्रोविजन्स करने हैं, उनके लिए इस बजट में भरपूर उपाय किए गए हैं। टैक्स की दर को 30 परसेंट से 25 परसेंट करना, यह मीडियम और स्मॉल इंडस्ट्रीज़ के लिए उठाया गया एक बहुत बड़ा कदम है।

सर, अब मैं डिमॉनेटाइजेशन के ऊपर आता हूँ, क्योंकि इस बजट की चर्चा इस विषय के बिना संभव ही नहीं है। जब माननीय प्रधान मंत्री जी ने डिमॉनेटाइजेशन की घोषणा की, तब विपक्ष के सभी मित्रों को ऐसा लगा कि यह कैसा बम फूट गया है? वे अभी कहें, बाद में कहें, सभी बुद्धिमान लोग हैं, वे अपनी दृष्टि से कहते हैं, हम अपने

हिसाब से कहें। सर, लेकिन मेरी नजरों में डिमॉनेटाइजेशन का क्या मतलब निकलता है? Sir, it is a big check on corruption, heavy reduction in black money, huge reduction in terror and cross border funding, huge availability of funds to the Government, strengthening of banking institutions, increase in the GDI, support to clean business environment, and, Sir, last but not the least, availability of all this fund for the development of infrastructure, use in the social sector for the deprived poor and backward sections of the society, for providing education, development of technology, empowerment of youth and employment to the youth.

सर, कई ऐसे कारण हैं, जिनके लिए यह सारा पैसा...... पहले बजट में जितना एलोकेशन मिलता था, उससे भरपूर ज्यादा अब इन सेक्टर्स में खर्च होगा। वास्तव में हम लोग जब कई बार कहते हैं, तो विपक्ष भी कहता है कि प्रधान मंत्री आपके ही नहीं हैं, बल्कि हम सबके प्रधान मंत्री हैं, देश के प्रधान मंत्री हैं, इसीलिए मैं कहना चाहूंगा कि हम सबको गर्व होना चाहिए कि इस देश के प्रधान मंत्री के रूप में, नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में ऐसी सरकार मिली है, जो सिर्फ और सिर्फ देश के हर वर्ग की, चाहे वह छोटा हो, बड़ा हो, व्यापारी हो, इसकी चिंता करती है, कठोर निर्णय लेने से घबराती नहीं है, अपीज़मेंट की पोलिटिक्स नहीं करती है। मैं माननीय वित्त मंत्री और मंत्रालय के अधिकारियों को भी बधाई देना चाहूंगा कि डिमॉनेटाइजेशन के समय series of criticisms चले, इसके बावजूद मजबूती के साथ खड़े रह कर उन्होंने इसका successful implementation किया।

सर, देश के विभिन्न भागों में इलेक्शन्स हुए, सिर्फ विधान सभा के ही इलेक्शन्स नहीं हुए, बल्कि देश भर में लोकल बॉडीज़ के इलेक्शन्स भी हुए। महाराष्ट्र में लोकल बॉडीज़ के इलेक्शन हुए, ओडिशा में भी लोकल बॉडीज़ के इलेक्शन हुए, और भी दूसरे राज्यों में लोकल बॉडीज़ के इलेक्शन हुए। सर, सभी जगहों पर विपक्ष ने डिमॉनेटाइजेशन को एक मुद्दा बना लिया था। विपक्ष का कहना था कि यह सरकार के लिए एसिड टैस्ट है। सर, यह एसिड टैस्ट तो था, लेकिन उस टैस्ट का रिजल्ट क्या मिला, इसको किसी को कहने की आवश्यकता नहीं है, यह सबके सामने है। There was a positive impact of demonetization on the voters.

(2एस/एनकेआर-आरएसएस पर जारी)

श्री अजय संचेती (क्रमागत): मेरी विपक्ष से विनती है कि strong opposition, constructive opposition is needed in a democracy. There is no doubt about it. I am too young a Member here. A lot of senior Members are sitting here. लेकिन हमने अगर कुछ कहा, सरकार की तरफ से कोई चीज आए तो हम उसका विरोध करें, अब इसका समय जा चुका है। देश की युवा पीढ़ी हमसे अपेक्षा करती है कि सरकार कोई भी हो, अगर वह अच्छा काम कर रही है तो opposition भी उसका साथ दे, ताकि उस development के agenda में वे भी हमारे साझीदार बन सकें। इससे काम और तेज़ी से बढ़ेगा। अगर यह बात भी समझ में नहीं आए तो फिर ईश्वर ही मालिक है।

GDP के आंकड़े, दुनिया की विभिन्न agencies की रिपोर्ट, लेकिन इन सब के ऊपर democrary में इस देश का जो democratic system है, उसमें जनता का दिया हुआ mandate है. हमारे कार्यों में जनता ने हमें भरपूर समर्थन दिया है। इसलिए आप कोई भी sector ले लीजिए - infrastructure, agriculture, education - इनमें जो reforms होते जा रहे हैं, काम पहले भी होते थे, ये सारे words पहले भी exist करते थे लेकिन पहले काम जिस तेजी से चलना चाहिए था, जिस तेजी से हर स्टेट को funds मिलने चाहिए थे, आप बजट में देखिए, इस सरकार के द्वारा बजट में कहीं भेदभाव नहीं किया गया है, चाहे सरकार वहां किसी की भी हो। जो 42 परसेंट evolution की बात की गई, एक federal structure में, state और centre के बीच में, इन आंकड़ों में उस समय जाना चाहिए, जब किसी को तकलीफ थी। पहले क्या मिलता था और आज क्या मिल रहा है, इसके आंकड़ों की अगर हम बात करें, तो आज हर स्टेट यह कहता है कि जितना हमें चाहिए था, उतना पैसा मिला बल्कि उससे ज्यादा पैसा मिला और जब भी जरूरत पड़ती है, मांगते हैं तो उतना और मिल जाता है। इन आंकड़ों में उलझकर निकलना क्या है, यह मुझे बताइए। मेरी जरूरत पूरी हो रही है या नहीं हो रही है, इसे देखना बहुत ज्यादा जरूरी है।

मैं अंत में सिर्फ इतना ही कहना चाहूंगा और यह वास्तविकता है, क्योंकि मैं खुद economics का student रहा हूं, इसलिए मैं बहुत फख्र के साथ कहता हूं कि जो वर्तमान बजट यहां आया है, जो demonetization के बाद आया है, यह हमारे देश के लिए एक model document है, जो जनता की आज की दिशा और भविष्य की दिशा को तय करेगा। बहुत-बहुत धन्यवाद।

(समाप्त)

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI SUKHENDU SEKHAR ROY): Shri A. Navaneethakrishnan- not present; Shri Vivek Gupta--not present; Shri Harivansh.

SHRIMATI VIJILA SATHYANANTH: Sir, I have given my name on behalf of my party.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI SUKHENDU SEKHAR ROY): Your name will be called after some time, not now. Shri Harivansh.

श्री हरिवंश (बिहार) : महोदय, मैं आभारी हूं कि आपने मुझे केन्द्रीय बजट 2017-18 पर बोलने का मौका दिया। हमारी पार्टी, जनता दल (युनाइटेड), हमारे नेता और पार्टी अध्यक्ष, बिहार के मुख्य मंत्री, माननीय नीतीश कुमार शुरू से विरोध के लिए विरोध नहीं, देश-हित और देश के भविष्य को सर्वोपरि मानते हुए, महत्वपूर्ण मुद्दों पर अपने विचार, अपना पक्ष रखते रहे हैं। इसी मूल भावना के तहत, इस विषय पर मैं आपके माध्यम से, इस सर्वोच्च संस्था के माध्यम से, अपने विचार देश के सामने रखना चाहता हूं। उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड में भारी विजय के बाद, जब हमने खबर पढ़ी कि प्रतिपक्ष के नेताओं ने भी सत्ता पक्ष को बधाई दी - यह लोकतंत्र की औपचारिकता है, परन्तु माननीय वित्त मंत्री जी का बयान, इस विजय के बाद, जब मैंने Economic Times में 12 मार्च को पढ़ा - 'Hope opposition mends its obstructionist ways,' Finance Minister. एक अन्य मंत्री, जो एक नामी पत्रकार और सम्पादक भी रहे हैं - M.J.

Akbar साहब का लेख भी मैंने 2 मार्च को Times of India में पढ़ा - The poor have embraced Modi. माननीय वित्त मंत्री जी, विपक्ष की चुनौती तो बाद में है, मैं कहना चाहता हूं कि आप अपने खुद के वायदों के, लोक-लुभावन नारों के बंदी बन गए हैं। आप खुद अपने लिए चुनौती बन गए हैं और यह दिखाई दे रहा है कि आपकी भारी विजय के बाद भी, इतने स्पष्ट बहुमत के बाद भी, उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड में अभी तक आपने अपने मुख्य मंत्री तय नहीं किए, उनके नाम घोषित नहीं किए। उसकी वजह है, क्योंकि आपको याद आ रहा है कि हमने जनता से जो commitments किए हैं, अगर वे पूरे नहीं हुए, तो हमारा भविष्य क्या होगा? हां, अकबर साहब ठीक कह रहे हैं कि फिलहाल गरीबों ने आपका साथ दिया, पर अतीत से भी कुछ सीखिए। 1971 में 'गरीबी हटाओ' के ऐसे ही नारे पर इंदिरा जी को जनता का भारी समर्थन मिला, परन्तु वह कितने दिनों तक टिका?

(DS/2T द्वारा जारी)

DS-KGG/3.25/2T

श्री हरिवंश (क्रमागत) : उसके गर्भ से गुजरात नवनिर्माण आंदोलन निकला, बिहार आंदोलन निकला, सन् 1975 की इमरजेंसी निकली और फिर सन् 1977 का दौर आया, यह आप याद रखें। मेरी मूल मान्यता है कि इस देश की आर्थिक परिस्थितियाँ और हालात निरंतर गंभीर होते जा रहे हैं। उनके समाधान के लिए यह बजट भी कुछ नहीं करता। दरअसल आजादी के बाद से ही हम सब वर्ष 1991 तक एक *status quoist* बजट, जो एक बना-बनाया मॉडल था, उस पर चलते रहे और वर्ष 1991 में जब बड़ा संकट आया तो हमने उदारीकरण का रास्ता अपना लिया। मैं मानता हूँ कि उसमें भारत

की चुनौतियों को ऐड्रेस करने की क्षमता नहीं है। यह मेरी बेसिक और बुनियादी मान्यता है। आज हमारे लोग कह रहे हैं कि ऐसी चुनौतियाँ दिखाई नहीं देतीं। हमने पहले अनेक ऐसी चुनौतियाँ को हल किया है, चाहे वह वर्ष 1967 का अकाल हो या वर्ष 1991 का अर्थ-संकट हो। मैं आपको याद दिलाना चाहता हूँ कि जाट, पटेल, मराठा, गुर्जर या अन्य लोग जो आज आरक्षण के लिए आंदोलन कर रहे हैं, वे लोग बिना ट्रेडिशनल नेतृत्व के सड़कों पर लाखों की संख्या में उतर रहे हैं। यह स्पष्ट करता है कि भारत के गाँव, भारत के किसान और भारत की सामाजिक स्थिति किस तनाव की स्थिति से गुजर रही है, कैसे हमारे यहाँ के युवा बेरोजगार हो रहे हैं। इन चीजों को हल करने की अनुगूंज इस बजट में सुनाई नहीं देती।

वर्ष 2014 में भारतीय जनता पार्टी को भारी जनसमर्थन मिला। वह वैसा जनसमर्थन या इतिहास का वैसा मोड़ था, जो इस देश को वर्ष 1947 में मिला था, जो वर्ष 1984 में राजीव जी को मिला था, जो वर्ष 1977 में जनता पार्टी को मिला था या जो वर्ष 1971 में इंदिरा जी को मिला था। इतिहास को नई इबारत से लिखने के ऐसे मौके जो कभी-कभार आते हैं, उस पर साहसिक कदमों से चलकर ही उस *status quoist* को तोड़कर कोई साहसिक नेतृत्व नया रास्ता अपनाता है। मुझे यह कहते हुए जो नाउम्मीदी दिखाई देती है, उसे मैं स्पष्ट करता हूँ कि सरकार ने कम से कम आर्थिक क्षेत्र में कोई साहसिक कदम नहीं उठाया। मेरी दृष्टि में भारत के आर्थिक विकास का मॉडल भी भिन्न होगा। मैं यह उम्मीद नहीं करता कि गाँधी जी के रास्ते पर ये चलेंगे, हालांकि भारत के आर्थिक विकास का रास्ता क्या हो, इस पर गाँधी जी और पंडित जी में लम्बा correspondence है, पर मुझे आश्चर्य हुआ कि खुद इन्होंने पंडित दीनदयाल

उपाध्याय, जिन्होंने "एकात्म मानववाद", "एकात्मक अर्थनीति" तथा "आर्थिक मानव" जैसे सवाल उठाए थे, उनको भी ये भूल गए। और तो और, उन्होंने कहा था कि अर्थशास्त्री को साध्य, साधन और विवेक का पालन करना चाहिए, वह essence और स्वर भी बजट में कहीं दिखाई नहीं देता। आप दत्तोपन्त ठेंगड़ी जी को भी भूल गए हैं। मैं कहना चाहता हूँ कि आप जिनकी जन्मशती मना रहे हैं, उनकी राह पर चलने का साहस आप में नहीं है। मैं इस बात में सिर्फ आरोप नहीं लगा रहा, बल्कि कुछ सवाल जिन्होंने आज भारतीय समाज के सामने गंभीर चुनौती का रूप ले रखा है, उनके संदर्भ में मैं अपनी बात कहना चाहता हूँ।

पहली चीज, मैं यह मानता हूँ कि देश में बढ़ती आर्थिक विषमता देश के लिए टाइम बम है। आपके कार्यकाल में इस देश में किस तरह की आर्थिक विषमता बढ़ी है, उसका मैं उल्लेख करना चाहता हूँ। आज भारत का सबसे संपन्न एक फीसदी तबका भारत की कुल सम्पदा के 58.4 फीसदी धन का मालिक है। वर्ष 2000 में सबसे धनी एक फीसदी भारतीय देश की कुल सम्पदा के 36.8 फीसदी हिस्से के मालिक थे; वर्ष 2010 में सबसे धनी एक फीसदी भारतीय 40.3 फीसदी सम्पदा के मालिक हो गए; वर्ष 2014 में सबसे धनी एक फीसदी भारतीय 49 फीसदी भारतीय सम्पदा के मालिक हो गए और वर्ष 2016 में यह एक फीसदी संपन्न भारतीय तबका 58.4 परसेंट भारतीय सम्पदा का मालिक हो गया। यानी, सन् 2000 में जो एक फीसदी धनवान 36.8 फीसदी धन के मालिक थे, आज वे ही वर्ष 2016 में 58.4 फीसदी भारतीय धन के मालिक हैं। ये मेरे आँकड़े नहीं हैं, बल्कि यह Credit Suisse AG, Zurich की Financial Services Company के आँकड़े हैं। यह संस्था कहती है कि हम वर्ष 2010 से हर साल इन

आँकड़ों की मॉनिटरिंग हर दिन के आधार पर करते हैं। महोदय, मैं आपके माध्यम से इनकी रिपोर्ट की एक पंक्ति देश के सामने रखना चाहता हूँ और वह है- "India is one of the most unequal societies."

मित्रो, एक नई रिपोर्ट भी आई। मैंने यह केवल Credit Suisse की रिपोर्ट quote की, लेकिन भारतीय समाज में आर्थिक विषमता कैसे बढ़ रही है, उसका मैं दूसरा प्रसंग आपको सुना रहा हूँ। यह Knight Frank Global Wealth Report 2 मार्च के The Economic Times में छपी है, जिसके अनुसार भारत में दुनिया के कुल millionaires के 2 फीसदी हैं, पर कुल billionaires में से 5 फीसदी भारतीय हैं।

(2यू/एमसीएम-केएलएस पर जारी)

MCM-KLS/2U/3.30

श्री हरिवंश (क्रमागत) : गुजरे 10 वर्षों में यानी 2006 से 2016 के बीच 500 नए बिलियनर्स यहां बढ़े हैं। हर साल एक हजार नए भारतीय धनाढ्य वर्ग इससे जुड़ रहे हैं। माननीय उपसभाध्यक्ष जी, मैं उम्मीद करता हूं कि सत्ता पक्ष के लोग कम से कम बातचीत न करने की मर्यादा रखेंगे।

यह नई रिपोर्ट मैं आपको बतला रहा हूं, जो न्यू वर्ल्ड वेज स्टडी के माध्यम से है कि भारत के 8 बड़े शहरों में देश के 79 फीसदी अरबपति रहते हैं। अब यह सम्पदा जो एक तरह से विषमता बढ़ा रही है और सबसे सम्पन्न लोग ही अधिक धनवान हो रहे हैं तो उसका कारण क्या है? दरसल यह उदारीकरण की अर्थनीति की देन है। याद रखिए, यह सब कोई नई सम्पदा क्रिएट करके नहीं हुआ, जब देश के आदिवासी इलाकों की प्राकृतिक सम्पदा नीलाम कर कोयला, ऑयरन, जंगल, पहाड़, पानी

सरकारी जमीन के बल क्रोनी कैपिटलिस्ट पैदा हो रहे हैं, सरकारों के कृपापात्र लोग धनवान भारतीय उद्यमी बन रहे हैं, तो इनकी रॉयल्टी देश नहीं है। यह मैं नहीं कह रहा, इस रिपोर्ट में उल्लेख है कि दुनिया भर के 82 हजार अमीर अपने-अपने देशों को छोड़ करके दुनिया के दूसरे मुल्कों में चले गए। मैं तो यह उम्मीद करता हूं कि यह सरकार बताए कि अपने देश के कितने बड़े उद्यमी दूसरे देश में पैसे लेकर चले गए। अब इस बढ़ती हुई विषमता का समाज पर क्या असर पड़ता है, माननीय उपसभाध्यक्ष जी, आपके माध्यम से मैं बताना चाहूंगा। यह अध्ययन कहां हुआ, अमेरिका में हुआ। पुस्तक का नाम है Inequality – the science is in, greater equality makes society healthier. यह अध्ययन किया है Richard Wilkinson और Kate Pickett ने। इसका एक ही निष्कर्ष मैं आपके माध्यम से सदन के सामने रखना चाहता हूं। जो मैं मानता हूं कि भारतीय समाज के लिए चेतावनी है, सबक है और उम्मीद करता हूं कि यह संवेदनशील सरकार कम से कम अगर बनती है तथा मानती है कि खुद को तो इसको एक उदाहरण के तौर पर लेगी और सीखेगी। निष्कर्ष है, “If you fail to avoid high inequality, you will need more presence and more police. You have to deal with higher rates of mental illness, drug abuse and every other kind of problem.” माननीय उपसभाध्यक्ष जी, यह संयोग ही कह लीजिए कि जब मैं इस निष्कर्ष को पढ़ रहा था तो 25 फरवरी, 2017 के टाइम्स ऑफ इंडिया की एक रिपोर्ट पर मेरी निगाह गई। उसमें उल्लेख है कि India, with five crore affected Indians, is among nations worst hit by depression.” यानी चीन से भी अधिक दक्षिण पूर्व एशिया के और देशों से अधिक मनोरोगी आज भारत में हो गए हैं। अब मैं उम्मीद करता हूं कि इस देश के

हुक्मरान यह तय करेंगे कि हम कैसा भारत गढ़ना और बनाना चाहते हैं। लगातार बढ़ती विषमता से भविष्य का भारत कैसा बनेगा, हमारे सपनों का देश क्या वह होगा जहां जेलों की भरमार हो, जहां मानसिक अस्पताल संक्रामक रोग की तरह फैलें, नशे में डूबी युवा पीढ़ी या समाज दिखाई दे, क्या हम इस तरह की अनेकों सोसाइटीज बनाना चाहते हैं? इन बेसिक चीजों का कोई एड्रेस बजट में कम से कम मैं नहीं देखता। हमने तो एक तरह की विषमता का उल्लेख किया।

अब दूसरी जो महत्वपूर्ण विषमता है वह क्षेत्रीय विषमता है। मैं जब सोच रहा था तो मैं कहना चाहूंगा कि कई तरह की विषमता की बात मेरे दिमाग में आई जो समाज में, देश में, घर में, क्षेत्र में दिखाई देती है। लेकिन मैं अभी सिर्फ क्षेत्रीय विषमता की बात रखता हूं। मुझे याद है, 1994-95 के आसपास जब चन्द्रशेखर जी, जो इस देश के प्रधान मंत्री रहे, उसके बाद WTO, GATT के सवाल पर वे देशव्यापी यात्रा कर रहे थे, तो उन्होंने एक नोट तैयार करके जारी कराया कि इस नयी अर्थनीति का क्षेत्रीय विषमता पर क्या असर पड़ा है। जो सम्पन्न राज्य हैं, वे सम्पन्न हो रहे हैं और गरीब राज्य कैसे और पीछे जा रहे हैं। अध्ययन का निष्कर्ष यह था। अब उस निष्कर्ष की पुष्टि मैंने नहीं की। आपकी अनुमति से 21 फरवरी, 2017 को " दि हिन्दू" में छपी एक पेज की रिपोर्ट मैं पढ़ रहा हूं और वह रिपोर्ट भी किसने लिखी, भारत के चीफ इकोनॉमिक एडवाइज़र अरविन्द सुब्रह्मण्यम, नवनीरज शर्मा, जी0 गायत्री। उसका अंश है "Disparities have been strengthening." यानी राज्यों के बीच जो डिसपैरिटी है, वह बढ़ रही है, मजबूत हो रही है। ..not weakening.. कमजोर नहीं हो रही है, over

times, इन गुजरे वर्षों में राज्यों के बीच जो विषमता थी, क्षेत्रीय असंतुलन था वह बढ़ रहा है, यह उनकी रिपोर्ट का निष्कर्ष है।

(2W/SSS-SC पर जारी)

SC-SSS/3.35/2W

SHRI HARIVANSH (CONTD.): "The less developed States are falling behind the richer ones instead of catching up." धनी राज्यों से, जो गरीब राज्य हैं, वे पीछे छूट रहे हैं, पीछे जा रहे हैं, उनके बराबर जाने के बदले...। "...Therefore, the evidence so far suggests that in India, catch up remains elusive..." इसलिए जो प्रमाण मिलते हैं कि गरीब राज्य तेजी से प्रगति करके विकसित राज्यों के बराबर चले जाएंगे, इस बजट का जो आर्थिक दर्शन है, वह उससे अलग है। इस बजट को बनाने वाले मूल शिल्पकार, उसको वैचारिक रूप देने वाले जो लोग हैं, वे यह कहते हैं, यानी भारत की भेदभावकारी नीति के कारण जो राज्य आर्थिक विकास में पीछे छूट गए हैं, मसलन बिहार, बंगाल, उत्तर प्रदेश, ओडिशा वगैरह, वे पिछड़े रहने को ही अभिशप्त हैं। बिहार चुनाव में तो आपने बिहार को विशेष राज्य का दर्जा देने को कहा था, लेकिन आपकी नज़र से चुनाव बीते और बात बीती।

उपसभाध्यक्ष (श्री सुखेन्दु शेखर राय) : हरिवंश जी, आपको और कितना समय लगेगा?

श्री हरिवंश : सर, हमारी पार्टी को जो समय...

उपसभाध्यक्ष (श्री सुखेन्दु शेखर राय) : नहीं, समय है। मैं पूछ रहा हूं, आपको और कितना समय लगेगा, क्योंकि मंत्री जी का बयान है।

श्री हरिवंश : सर, मैं आपके माध्यम से मंत्री जी से कहना चाहता हूं कि अगर उनके पास वक्त हो तो मैं अपनी बात खत्म कर लूं, नहीं तो अगर आप मुझे कहेंगे तो मैं बैठ सकता हूं।

उपसभाध्यक्ष (श्री सुखेन्दु शेखर राय) : नहीं, मैं आपको मना नहीं कर रहा हूं। अगर आपको ज्यादा लम्बा बोलना है तो आप अपना भाषण थोड़ी देर के लिए रोक सकते हैं, ताकि मंत्री जी अपना बयान दे दें।

श्री हरिवंश : कोई दिक्कत नहीं है। आप जैसा आदेश करें।

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI SUKHENDU SEKHAR ROY): All right. You please continue.

श्री हरिवंश : धन्यवाद, मैं आपका आभारी हूं। सर, मैंने पहली तरह की विषमता का उल्लेख किया, उसमें भी विषमता के दो हिस्सों का उल्लेख किया - मैंने क्षेत्रीय असंतुलन के बारे में कहा कि देश में कैसे धनवान और धनी हो रहे हैं तथा गरीब और गरीब हो रहे हैं। मैं सोच रहा था कि इस बजट के संदर्भ में, जिसे मैं देश की सबसे बड़ी चुनौती मानता हूं, उसमें पहला किसको कहूं? क्या इस विषमता को कहूं या युवाओं की बेरोज़गारी को कहूं? मेरे लिए यह तय करना मुश्किल है। मैंने दूसरे स्थान पर बेरोज़गारी को रखा, क्योंकि मैं मानता हूं कि इस आर्थिक विषमता के कारण बेरोज़गारी जन्म ले रही है। जो युवा हाथ, सबल हाथ, सक्षम बाजू श्रम से अपनी और देश की नयी तकदीर लिखते रहे हैं, इतिहास और नयी सभ्यताओं का सृजन करते रहे हैं, उस युवा श्रम की क्या स्थिति है? मैं ILO की रिपोर्ट का निष्कर्ष एक लाइन में बता रहा हूं। भारत में नयी नौकरियां पनपने का सिलसिला थम गया है। खुद आपके योजना मंत्री ने राज्य

सभा में एक सवाल के उत्तर में दो महीने पहले बताया कि बेरोज़गारी की दर बढ़कर पांच फीसदी हो गयी है। कुछ ही दिनों पहले, और अगर specific कहूं तो 7 फरवरी की रात को ABP चैनल पर बेरोज़गारी पर कार्यक्रम आ रहा था, उसको मैंने देखा। वे आंकड़े मैं quote करता हूं। आज की तारीख में उस कार्यक्रम की सूचना अनुसार 12 करोड़ युवा बेरोज़गार हैं। तीन वर्षों बाद यह संख्या लगभग 14 करोड़ हो जाएगी, to be precise, उनके अनुसार 13.89 करोड़ हो जाएगी। सन् 2011 की जनगणना के मुताबिक भारत में जिनके पास कोई काम नहीं है, उनकी तादाद 6 करोड़ 7 लाख है। 58 फीसदी युवा ऐसी नौकरी कर रहे हैं, जहां उन्हें हर महीने पांच हज़ार से ज्यादा वेतन नहीं मिलता है। ASSOCHAM की रिपोर्ट है। एक तरफ बेरोज़गारी की स्थिति है और दूसरी ओर हमारी शिक्षण संस्थाएं कैसी हैं कि उच्च शिक्षा वाले 85 फीसदी युवा अपनी योग्यता सिद्ध नहीं कर पाते। सर, मैं BloombergQuint की रिपोर्ट देख रहा था। मैं उसको quote कर रहा हूं। "According to the Labour Bureau's fifth employment-unemployment survey, 13.2 per cent of people between 18-29 years of age, who were seeking a job in 2015-16 did not manage to find one. The number could actually be higher. A lot of disguised employment in rural areas, especially in the agriculture sector, where people seem to be working on the farm, but do not contribute. सर, हमारी जनसंख्या के बढ़ने की रफ्तार भी आप जानते हैं और विशेषज्ञ कह रहे हैं कि आज की तारीख में आपको हर वर्ष 12 से 14 लाख नए रोज़गार चाहिए और आने वाले पांच-सात वर्ष में तो हर साल लगभग 20 से 24 लाख रोज़गार आपको चाहिए। क्या इस तरह का भविष्य का भारत हम बना रहे हैं?

इस बजट में कहां उसका उल्लेख है? इसका असर क्या होता है? दिल्ली में ABP चैनल ने दिखाया कि इस बेरोज़गारी का असर यह हुआ कि एक युवा ने अपने मां-बाप की क्रूरता से हत्या करके खुद को गोली मार ली - यह बेरोज़गारी का दंश है। तो क्या हम भविष्य का भारत ऐसा बनाना चाहते हैं, जिसमें बेरोज़गारों की फौज खड़ी हो, जहां घर-घर में यह पीड़ा, दुख और दर्द हो? कहां इस बजट में इसका उल्लेख है कि इसका रास्ता यह निकलेगा? मैं कहना चाहता हूं कि आपने चुनाव घोषणा के दौरान अच्छी बात की थी कि हम हर साल दो करोड़ रोज़गार पैदा करेंगे।

(2एक्स-जीएस पर जारी)

NBR-GS/2X/3.40

श्री हरिवंश (क्रमागत) : कहां गया वह वायदा? मैं मानता हूं कि इस economic development model के तहत आप वह कर नहीं सकते।

तीसरी, सर, सबसे बड़ी बैंकों की जो समस्या और चुनौती है, उसको मैं आपके माध्यम से सदन के समक्ष रखना चाहूंगा। माननीय वित्त मंत्री जी की चिंता आज भी मैंने देखी है। बैंकिंग prime nerve centre है, अब उसके विशेषज्ञ कहते हैं - roughly, 80 per cent of the Indian banking system may be under stress. मैंने "दि हिन्दू" की 23 फरवरी की रिपोर्ट पढ़ी है, जिसमें वे कह रहे हैं कि सितम्बर, 2016 तक कुल ऋण का 12.34 फीसदी यानी 133 बिलियन डॉलर bad loan हो चुका है। भारत के Chief Economic Adviser का बयान मैं क्वोट करना चाहता हूं, जो कि 23 फरवरी, 2017 का "दि हिन्दू" का है, "That delaying a cleanup would further reduce private sector investment and make the problem worse for Asia's third largest

economy."यानी भारत के लिए, Mr. Subramanian said, "Banks might have to write off as much as 75 per cent of the amount owed by 57 of the top 100 debtors..." यानी देश में जिन्होंने सबसे अधिक लोन ले रखा है, 133 बिलियन डॉलर जो bad debt बन रहे हैं, उसमें ऊपर के जो कम से कम 100 बड़े लोग हैं, उनमें 57 लोग ऐसे हैं, जिनके पैसे नहीं आने वाले, यह आपके Chief Economic Adviser कह रहे हैं। He further said, "...as they could not even afford to pay interest." वे इंटरेस्ट पे करने की हालत में नहीं हैं, ऐसा वे कह रहे हैं। फिर Arvind Subramanian का दूसरा बयान दिनांक 23.02.2017 का मैं क्वोट करना चाहूंगा, "Need to create 'bad bank' quickly." नया डिप्टी गवर्नर आपने बनाया है, वे अच्छे व्यक्ति हैं। मैंने उनका बायो-डाटा पढ़ा है। आचार्या जी ने कहा, "Act on NPAs soon." यह उन्होंने 22-02-2017 को कहा और 25-02-2017 को पुन: "दि हिन्दू" में मैंने यह देखा कि International agency, Fitch Ratings' Report: Bad bank to help speed up stressed assets resolution. यह बैंकिंग की हालत है। माननीय वित्त मंत्री जी की चिंता भी आज हमने सुनी है। इसको ठीक करने का रास्ता क्या है? हमारे यहां कैसे-कैसे बैंकों के चेयरमैन बने? मैं इसमें नहीं जाता हूं कि वे उनके कार्यकाल में बने या आपके कार्यकाल में बने। आपने आज तक उसको बेहतर रास्ते पर लाने के लिए क्या किया? आईडीबीआई बैंक के जो चेयरमैन थे, उनके कार्यकाल में किस तरह से और कैसे लोन इश्यू हुए, यह हम सब जानते हैं, किंगफिशर को कैसे लोन मिला ? सिंडिकेट बैंक के सीएमडी घूस लेते हुए पकड़े गए। इंडियन ओवरसीज बैंक में एक पूर्व सीएमडी थे, उन्होंने बड़े-बड़े advances दिए और एनपीए रिपोर्ट का जो पैटर्न बना हुआ था,

उसको ब्रांच लेवल पर चेंज कर दिया और उसको modification का नाम दिया गया। उस modification के तहत ब्रांच लेवल पर ही किसी को बड़ा लोन दिया गया और पैसा नहीं आ रहा है, तो पुरानी व्यवस्था के तहत अगर वह एनपीए होता, तो उसको छोड़ दो, उसकी रिपोर्ट मत करो। अगर इस तरह के क्रिमिनल एक्ट करने वाले लोग ऊपर की कुर्सियों पर पहुंचेंगे, तो हमारे बैंकों की स्थिति यही होगी और उन बैंकों में गरीबों के पैसे होते हैं। इसलिए बैंकिंग व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए बिना समय खोये कदम उठाए जाने चाहिए।

सर, अगली चीज़ मैं यह कहना चाहता हूं कि जिस ग्लोबलाइजेशन के आधार पर यह 1991 के बाद का आर्थिक विकास का मॉडल बना और जिस पर पहले की सरकारें चलती रहीं और आप भी चल रहे हैं, वह मॉडल ही अपने आप में आज संकट में है। मैं यह मानता हूं कि दुनिया को खुला होना चाहिए, पर मेरे मानने और जो यथार्थ दिखाई देता है, उन दोनों में बड़ा फर्क दिखाई देता है। ग्लोबलाइजेशन या दुनिया के बाजार एक हों, यह बेहतर है। परन्तु आज ब्रेक्सिट की घटना, ट्रंप का उदय, यह अचानक नहीं है। अब इन विकसित देशों के लोग यह मान रहे हैं कि ग्लोबलाइजेशन से सबको लाभ नहीं होता। अमेरिकी सदी खत्म हो गयी, यह अमेरिका मानने को तैयार नहीं है। मुझे तो बड़ा आश्चर्य हुआ कि जिस दिन मैंने Davos में चीन के राष्ट्रपति का बयान देखा, उदारीकरण के पक्ष में दुनिया मुक्त हो, व्यापार मुक्त हो, उसी दिन बहुत अच्छा भाषण यहां दिल्ली में Raisina Dialogue का कोई कार्यक्रम था, उसमें माननीय प्रधान मंत्री जी ने दिया। उस बयान को मैं क्वोट करना चाहता हूं, "Globally connected societies, digital opportunities, technology shifts, knowledge booms and innovation

are leading the march of humanity. But, walls within nations, a sentiment against trade and migration and rising parochial and protectionist attitudes across the globe are also stark evidences. The result of globalisation gains is at risk and economic gains are no longer easy to come by."

(HMS-USY/2Y पर जारी)

USY-HMS/3.45/2Y

श्री हरिवंश (क्रमागत) : हमें मानना पड़ेगा कि यह कठिनाई दुनिया को दिखायी दे रही है, दुनिया के देश इस बात को मानने लगे हैं। आज भारत और चीन मुक्त व्यापार की बात कर रहे हैं, लेकिन अमेरिका और विकसित देश इस के खिलाफ बात करते दिखायी दे रहे हैं। मैंने माननीय वित्त मंत्री जी का लंदन में दिया बयान पढ़ा है, "India's doors open, while others look inward." मैं मानता हूं कि इस संकट से सरकार अच्छी तरह वाकिफ है, पर जो चुनौतियां भारत के सामने आने वाली हैं, उनके संबंध में भारत की क्या तैयारी है, वे इस बजट में उसे address करते दिखायी नहीं दे रहे हैं। मैं उल्लेख करना चाहूंगा, मैंने दिनांक 23 फरवरी की पीटीआई में पढ़ी खबर को, "Trump's new deportation norms put three lakh Indian-Americans at risk." दिनांक 6 फरवरी को मैंने हैदराबाद के इंडियन एक्सप्रेस में खबर पढ़ी, " Proposed changes in H1-B visa laws – thousands of Hyderabad techies may have to return." फिर 16 फरवरी को मैंने दि हिंदू में खबर पढ़ी, "Trump Effect: IT industry expects to log lower growth." मेरा आग्रह है कि आप दीवारों पर लिखी भविष्य की इबारत को नहीं देख पा रहे हैं। सर, आई0टी0 इंडस्ट्री ने इस देश की तस्वीर बदली है।

देश के लाखों प्रतिभाशाली युवाओं को रोजगार मिले हैं। उन्होंने अपनी जगह खुद बनायी है और दुनिया के कोने-कोने में हमारे युवा उद्यमियों ने भारत को एक नई पहचान दिलायी है, लेकिन आज वे खतरे में हैं। वे कठिनाई फेस कर रहे हैं। इसका एक अंदरूनी कारण यह है कि इंडस्ट्री में लगातार अवसर कम हो रहे हैं, competition बढ़ रहा है, skilled लोगों की तादाद बढ़ रही है, automation बढ़ रहा है और अधिक-से-अधिक काम करने की लोगों में प्रवृत्ति बढ़ रही है। सर, फाइनेंशियल ईयर 2010 में इंडियन आई0टी0 सेक्टर का मार्केट 74 बिलियन डॉलर था जिसका 50 बिलियन डॉलर एक्सपोर्ट का था। फाइनेंशियल ईयर 2016 में इंडियन आई0टी0 सेक्टर का मार्केट दोगुने से अधिक बढ़कर 160 बिलियन डॉलर हुआ जिस में से 108 बिलियन डॉलर एक्सपोर्ट से है। आप एक्सपोर्ट से आज इतना पाएंगे या नहीं, यह खतरे में है। सर, आज ट्रम्प का स्लोगन है, "My administration will follow two simple rules – buy American and hire American. सर, इस का impact हमारी भारतीय इकोनॉमी पर गंभीर पड़ने वाला है, लेकिन कम-से-कम इस की चिंता मुझे इस बजट में दिखायी नहीं देती। आज हमें चाहिए कि भारत के पॉलिसी निर्माता इन 4-5 चीजों पर गौर करें। जिन भारतीय प्रतिभाशाली युवाओं को आई0टी0 सेक्टर में बड़ी संख्या में जहां रोजगार मिलता था, वह आज घट रहा है। उसके रोजगार के अवसर के देश में क्या विकल्प हो सकते हैं, यह हमें तलाशना चाहिए। हमें आई0टी0 एक्सपोर्ट से जो बड़ी आमदनी थी, उसके घटने के आसार हैं। वह आमदनी भारत की बनी रहे, हमें इसे तलाशना चाहिए। सर, आई0टी0 सेक्टर का भारत के जीडीपी में कंट्रीब्यूशन फाइनेंशियल ईयर 1998 में 1.2 परसेंट था जो वर्ष 2015 में बढ़कर 9.5 फीसदी होगया। यह कैसे बना रहे, हमें देखने

की जरूरत है। सर, लगभग 40 लाख लोग आईटी सेक्टर में डायरेक्ट employment में हैं, वहां उनकी संख्या और बढ़े, इस के बारे में विचार की आवश्यकता है। सर, आज क्या हो रहा है, मैं 2 मार्च, 2017 के इकॉनोमिक टाइम्स का उल्लेख करना चाहूंगा जिस के पहले पेज पर खबर थी और इस का हैडिंग था 'Sit up and take notice'. It says that the IT staff tells the Labour Minister that over 28,000 professionals have signed an online petition asking the Government to stop IT companies from holding workers' three-month notice period. सर, जब अवसर घट रहे हैं तो आई0टी0 कंपनियां लगातार अपने यहां manpower घटा रही हैं। वे काम के लिए लोगों को बुलाती हैं, तीन माह की तनख्वाह देती हैं और कहती हैं, आप कल से या तीन महीने बाद दूसरी नौकरी तलाश लें। ऐसे 28 हजार युवकों ने ऑनलाइन आवेदन देकर आग्रह किया है कि सरकार इसका विकल्प ढूंढ़े। इस तरह जो नौजवान हमारे यहां रोजगार पाते थे, वह यहां खत्म हो रहा है, विदेशों में उनके लिए अवसर घट रहे हैं और हमारे पास उसका कोई विकल्प नहीं दिखायी देता है। सर, जो लोग मानते रहे कि उदारीकरण होना चाहिए, इस से दुनिया आगे बढ़ेगी, उस विचार के अमेरिका बड़े इकोनॉमिस्ट Jeffrey Sachs भी यह मानने लगे हैं। सर, वे बड़े प्रगतिशील और मशहूर इकोनॉमिस्ट दुनिया में माने जाते हैं, मैं उनका बयान पढ़ रहा हूं कि खतरा क्या है, "In my view, a borderless world is plainly unrealistic. We really need to re-constitute politics on a new sociological base that makes sense, given how people live, what young people do, how they earn their income, and so on and so forth. So, politics needs to be remade, I believe, through mass

participation. इस संकट को दूर करने के लिए हमें पोलिटिक्स को और जनोन्मुखी बनाना है, हमें इस बात पर गौर करना चाहिए।

(2 जेड/एएससी पर जारी)

ASC-PB/3.50/2Z

श्री हरिवंश (क्रमागत) : समय कम है, लेकिन मैंने चार मुद्दों के संदर्भ में बताया है कि भारत की चुनौतियां क्या हैं? ऐसे अनेक मुद्दे हैं, लेकिन मेरे जैसा मामूली आदमी इस निष्कर्ष पर नहीं पहुंचा है कि जो हमने यह economic model अपनाया है, जो हमारी इनडिजिनस चुनौतियां हैं, उनको हल कर सकता है। यह स्थापित लोगों की मान्यता है। जो मॉडल पहले चला था, मैं उसके बारे में उल्लेख करूना चाहूंगा। Mr. Walter Crocker भारत में 1952 से 1962 के बीच में दो बार ऑस्ट्रेलिया के हाई कमिश्नर रहे हैं। वे पंडित नेहरू जी के निजी पंसदीदा व्यक्तियों में एक थे। नेहरू जी ने अपने कैबिनेट कलीग्स को एक नोट लिखा था, जिसमें कहा था, “Crocker is a good man with cleaver ideas, unlike the Government he serves.” उनकी एक मशहूर किताब है और जो लोग पंडित जी पर लिखी किताबों को बेहतर मानते हैं या गिनाते हैं, उनमें 'Nehru: A Contemporary’s Estimate,' जो Walter Crocker की ही पुस्तक है, मैं उनके दो निष्कर्ष quote करता हूं। वे नेहरू जी की उल्लेखनीय चीजों की बहुत तारीफ करते हैं, लेकिन अर्थ नीति के बारे में कहते हैं कि भारत ने किस तरह की अर्थ नीति को बढ़ाया है, “Endless pursuit of multiplying wants … Indians be turned into envious, self-centred, bored, whining manhood of the affluent society and welfare State.” वे पेज नं.170 पर कहते हैं कि रास्ता क्या था? "…but his (Gandhi)

ideas on decentralization on village democracy and on what he called basic education, and on the machine were as relevant to Indian realities ...” उनके प्रशंसक कह रहे हैं कि हमने गांधी के रास्ते को छोड़कर गलती की है। आज जो लोग मानते हैं कि एक नया रास्ता, जिस तीसरे विकल्प की अर्थ नीति के बारे में दीनदयाल जी बात करते हैं, तो आप दीनदयाल जी के रास्ते पर भी तो नहीं चले। जैसे मैंने कहा कि आपको इतिहास लिखने का यह बड़ा अवसर मिला है, तो ऐसा अवसर इंदिरा जी को भी मिला था, पर उसका क्या हुआ? एक बड़ी मशहूर पुस्तक है, 'India in Crisis' जिसको आज लोग भूल गए हैं। उस पुस्तक को प्रो. जे.डी. सेठी ने लिखा है। वे बाद में प्लानिंग कमीशन के मेम्बर भी रहे। उन्होंने उस पुस्तक में उल्लेख किया कि क्यों ऐसी घटना हुई, ऐसे कौन से हालत बने कि इंदिरा जी को इतनी बड़ी पॉपुलेरिटी मिली और हालत ऐसे हो गए। उन्होंने जो पुस्तक में कहा है, मैं उसका एक अंश यहां quote करता हूं, “How come, then, that despite the landslide victories and steam-roller majorities as well as the political stability that followed ...” मैं अपने उधर के साथियों से कहना चाहूंगा कि आपको ऐसा अवसर मिला है, जो पहले भी किसी को मिला था, पर उसका क्या हश्र हुआ, अगर actual problems को address नहीं करेंगे,तो “...an economic crisis burst on the nation so soon?” इतनी बड़ी चीजें आईं और फिर economic crisis भी बढ़कर देश पर 74 का आ गया। “Present crisis can be traced to the policies adopted soon after Independence in complete isolation of the mandate of the national movement.” हमारे यहां किस तरह के उद्यमी बढ़े? आपने कोयला और सारी चीजों को देखकर कहा कि हवा, पानी और

नेचुरल रिसोर्सेज़ बेचकर लोग crony capitalist हो गए। पर उसी वक्त जे.डी. सेठी ने वॉर्न किया कि "A business that derives its strength from the combination of entrepreneurial ability and capital is different from that which thrives on privileges, real estate and intermediaries.” हमारी सरकारी नीतियों के प्रश्रय पर, उसकी बदौलत, उससे मदद पाकर, फेवर पाकर हमारे यहां उद्यमी होने लगे। अगर वह प्रवृत्ति अभी भी चलती रहेगी, तो देश के हालात ऐसे ही रहेंगे।

इसलिए आप जिस मॉडल से श्रेष्ठ भारत बनाना चाहते हैं, वह मुझे संभवत: दिखाई नहीं देता है। इसी अप्रैल में गांधी जी के चम्पारण सत्याग्रह के सौ साल पूरे हो रहे हैं। शायद मानव इतिहास में यह हमारे लिए अदभुत गौरव का क्षण होना चाहिए। मेरा आग्रह है कि आप अपनी अर्थ नीति पर जरूर चलिए, पर इस अवसर पर कम से कम गांधी जी की दृष्टि प्रकृति हमारे लोभ को पूरा नहीं करेगी, आवश्यकता को पूरा करेगी। अगर आप इस फिलॉसफी को राजनीतिक जीवन में, समाज में लौटाएं, जैसे हमारे पास उनके चिंतन और जो उनके आर्थिक विचारों की बात करने वाले लोग थे, उनके विचारों से भी समाज को परिचित कराएं, तो शायद आपको कोई रास्ता मिले। यह मेरे जैसे किसी मामूली आदमी का निष्कर्ष नहीं है। कल मैं हॉर्वर्ड के एक विशेषज्ञ की चीजें एक सज्जन से सुन रहा था कि 1750 में भारत का औद्योगिक उत्पादन विश्व का 25 फीसदी था, 1900 में घटकर दो फीसदी रह गया। 1858 से 1947 के बीच ब्रिटिश शासन में सौ वर्षों तक भारत की economic ग्रोथ एक परसेंट रही, इसको गांधी जी ने समझा था।

(3A/LP पर जारी)

LP-SKC/3A/3.55

श्री हरिवंश (क्रमागत) : इसलिए क्या कहा गाँधी जी ने? उन्होंने कहा कि "The poor of the world cannot be helped by mass production..."-- बड़ी-बड़ी कंपनियों, बड़े-बड़े शहरों में mass production कराकर आप गरीबों की मदद नहीं कर सकते -- "...but only by production by the masses." अधिक से अधिक जनता production में शामिल हो, यह तभी हो सकता है।

मैं एक और उदाहरण देना चाहूंगा। 1977 में जनता पार्टी बनी, उन्होंने अपने आर्थिक दर्शन में कहा कि हम एक मुंबई नहीं, सौ मुंबई क्रिएट करना चाहते हैं। उन्होंने प्रतीक के रूप में, slogan के रूप में कहा। यानी अंग्रेज़ों से पहले भी हमारे यहाँ गाँव-गाँव में जिस तरह से काम होते थे, अगर हम उस तरह से हर चीज़ को नए ढंग से देख सकते, तो शायद हमारी ताकत बढ़ती। ये आंकड़े, ये निष्कर्ष कहाँ से हैं? मैं इसका उल्लेख कर देना चाहूंगा. 'India's Deindustrialization in the 18th and 19th Centuries' by David Clingingsmith and Jeffrey G. Williamson Harvard University, 2015.' अब मैं कहना चाहूंगा कि अमरीका को कैसे बेहतर बनाया जाए, उसके लिए अभी Jeffrey D. Sachs की बड़ी चर्चित किताब आई है, 'Building the New American Economy, Smart, Fair and Sustainable'. उन्होंने उसमें 17 दोष तय किए हैं। मैं उन 17 दोषों में से कुछ 4-5 चीज़ें जोड़ना चाहूंगा। ये हैं - विषमता घटाना, साफ पानी, साफ जलवायु, responsible consumption, नदी, समुद्र, धरती के नीचे का पानी आदि। ये सब पढ़ते हुए गाँधी और बाकी चीज़ें याद आती हैं।

मैं उल्लेख करना चाहूंगा कि इसी देश में बिहार में "न्याय के साथ विकास" की अवधारणा के तहत माननीय श्री नीतीश कुमार, मुख्य मंत्री जी ने बिहार के विकास के सात निश्चय तय किए। पहला, आर्थिक हल, युवाओं को बल, दूसरा, आरक्षित रोजगार, महिलाओं का अधिकार, तीसरा, हर घर बिजली लगातार, चौथा हर घर नल का जल, पाँचवाँ, हर घर तक पक्की नाली गलियाँ, शौचालय निर्माण, घर का सम्मान, सातवाँ, अवसर बढ़ें, जो सबको मिलें, साथ में मद्य-निषेध का कार्यक्रम, जिसकी प्रधान मंत्री ने भी तारीफ की, जिसमें 4 करोड़ लोगों ने human chain बनाकर कहा था। मैं कहना चाहता हूं कि ऐसी बेसिक और बुनियादी चीज़ें, जो लोगों की जरूरतें हैं, जब तक आप उनको address नहीं करते, तब तक आप देश की समस्याओं को हल कर पाएंगे, मुझे इस पर आशंका है। देश में ये समस्याएँ हैं और यह बजट इनको address करता हुआ दिखाई नहीं देता।

मैं अंत में एक बात और कहना चाहूंगा। दरअसल, हमने बैंकों के हालात देखे, demonetizaion के दौरान हमने देखा कि बैंकों की क्या भूमिका रही। मुझे याद आता है कि पहले बैंकों में तनख्वाहें, सुविधाएँ बहुत कम थीं। अगर सरकार के पास बहुत पैसे आने थे, लेकिन वे नहीं आए, तो माना जा रहा है कि बैंक के सक्षम अधिकारी, प्रभावी लोगों ने इस पर सबसे गलत काम किया। हम बैंकों में कैसे लोगों को भेज रहे हैं या कैसे लोगों को महत्व दे रहे हैं? इसके लिए हमें क्या रास्ता अपनाना पड़ेगा?

मैं एक घटना सुनाकर अपनी बात खत्म कर रहा हूं। यहाँ बैठे हुए वरिष्ठ लोगों को मालूम होगा कि जब इमरजेंसी लगी तो श्री आर.के. तलवार नामक व्यक्ति स्टेट बैंक के चेयरमैन हुआ करते थे। श्री आर.के. तलवार के लिए यह माना जाता है कि वे

सबसे यंग चेयरमैन बने। उन्होंने ऐसे बहुत सारे बुनियादी काम किए, जो आज भी माइलस्टोन के रूप में माने जाते हैं। उन पर ऊपर से दबाव डाला गया, the then Finance Minister से कि आप एक पर्टिकुलर पार्टी को advances करें। उन्होंने कहा कि हमारे जो दिल्ली के लोग हैं, वे देखेंगे कि viability क्या है? क्या वे लोन देने योग्य हैं, क्या वह पैसा वहाँ से वापस मिल पाएगा? उस टीम ने रिपोर्ट दी और कहा कि हम इनको फायनेंस नहीं कर सकते। ये dubious character के व्यक्ति और पार्टी है। उस बात पर श्री आर.के.तलवार अड़ गए कि हमारे बैंक की यह रिपोर्ट है, मैं किसी के दबाव में यह काम नहीं करने वाला। उनको तरह-तरह के प्रलोभन मिले, Banking Recruitment Board का चेयरमैन बनाने का प्रस्ताव मिला, पर उन्होंने सब मना कर दिया। अंतत: उनको विवश कर दिया गया और सरकार ने उन्हें voluntarily हटने का पत्र जारी किया। उनसे इस्तीफा माँगा गया, उन्होंने मना कर दिया। इमरजेंसी के दिनों में..(समय की घंटी)..सर, मैं बस एक मिनट में अपनी बात खत्म करता हूं। जब उन्होंने बैंक से .. (व्यवधान)..जब वे एक तरह से बैंक से हटा दिए गए, तब वे वापस जाकर अरविंद आश्रम में काम करने लगे। जब नई जनता पार्टी की सरकार बनी तो उन्हें आईडीबीआई से लेकर स्टेट बैंक के चेयरमैन बनाने की पुन: पेशकश हुई, लेकिन वे दुबारा नहीं लौटे। आज इस तरह के चरित्र के लोगों को, श्री आर.के. तलवार जैसे लोगों को कोई याद नहीं रखता। अगर आप इस तरह के चरित्र के लोगों को नहीं बढ़ाएंगे, अगर आप मालवीय जी की बात करते हैं, तो मालवीय जी किस तरह के व्यक्ति थे, उन्होंने कैसे चरित्र का परिचय दिया? यदि आप उससे भी कुछ सीखें, तो शायद इन्हीं चीज़ों से एक बेहतर समाज बनाने, बेहतर लोगों को बेहतर जगह पर बिठाने में मदद

मिलेगी। जो बड़े काम आप करना चाहते हैं, जैसे demonetizaion जैसे काम, जिसका लाभ नहीं मिलता, शायद वह लाभ मिले। बैंकों में कम से कम अच्छे लोगों का चयन शुरू कीजिए।

(3B/KLG पर जारी)